प्रति,

माननीय डॉ मोहन यादव जी,

मुख्यमंत्री महोदय, मध्यप्रदेश शासन,

भोपाल, म0प्र0

HEMLATA CHOUDHARY
NOTARY
GOVT. OF INDIA
JABALPUR DISTRICT

NOTARIAL NOTARIAL NOTARIAL NOTARIAL NOTARIAL NOTARIAL

26 APR 2026

NOTARIAL NOTARIAL NOTARIAL

**विशय** : मुख्य कार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी श्री अरविंद शाह आईएएस द्वारा अभद्रता एवं गाली गलौच के संबंध में शपथपूर्वक शिकायत।

**माननीय महोदय जी,**

**मै दिलप्रीत भल्ला, पिता श्री टी.पी.एस. भल्ला, उम्र 37 वर्ष, निवासी फैल्ट नं 208 नागरथ चौक, सिविल लाईन, जबलपुर शपथपूर्वक शिकायत करती हूँ कि** वर्तमान मे प्रशासनिक कार्यकारी (Administrative Executive) के पद पर स्मार्ट सिटी जबलपुर मे फरवरी, 2025 से कार्यरत हूँ। मेरे द्वारा अपने कर्तव्यों एवं कार्य को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से किया जा रहा है। मेरे पूरी सेवा अवधि मे किसी के द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई है। यह शिकायत अत्यंत पीडा एवं दुख के साथ आपको प्रेषित कर रही हूँ, यह आशा के साथ कि आप बिना पक्षपात के उचित कार्यवाही करेंगे। महोदय जी, स्मार्ट सिटी जबलपुर मे सभी कर्मचारियों की वेतन हर माह के प्रथम सप्ताह के भीतर आ जाती है। महोदय जी, विगत माह मार्च, 2026 का वेतन जब मेरे बैंक खाते मे 10 अप्रैल, 2026 तक नही आया तब मेरे द्वारा श्री रवि राव, प्रशासनिक अधिकारी, स्मार्ट सिटी जबलपुर से यह पूछा कि सभी का वेतन मार्च माह का आ गया है किन्तु मेरा क्यू नहीं आया, तो श्री रवि राव जी के द्वारा मुझे मौखिक रूप से यह बताया गया कि श्री अरविंद शाह, मुख्यकार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी के मौखिक आदेश पर मेरा वेतन रोका गया है।

महोदय जी, जब मेरे द्वारा श्री अरविंद शाह, मुख्यकार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी से निवेदन किया गया कि मेरा वेतन का भुगतान करवा दिया जाए तब उनके द्वारा यह कहा गया कि मैने आपको कभी इस कार्यालय मे कार्य करते हुए नही देखा और मुझे अभद्रतापूर्वक कार्यालय से बाहर जाने के लिए बोला गया जिसपर मेरे द्वारा यह बोला गया कि आप मेरी अटेंडेंस चैक करवा लिजिए और कृपया कर मेरे वेतन का भुगतान करवा दीजिए।

महोदय जी, जब मेरे द्वारा यह वाक्या होने के पश्चात् अपने परिवारजनो को बताया गया और तत्पश्चात् मेरे द्वारा अपने पिता के साथ माननीय मंत्री श्री राकेश सिंह जी को उनके कार्यालय मे जाकर बताया गया, तब माननीय मंत्री जी द्वारा कार्यकारी निर्देशक, स्मार्ट सिटी जबलपुर श्री रामप्रकाश अहिरवार जी को बोला गया कि आप इस समस्या का निदान करें। माननीय मंत्री जी को इस वाक्ये से अवगत कराने के एक–दो दिन बाद दिनांक 22.04.2026 को मुझे श्री अरविन्द शाह, मुख्यकार्यकारी अधिकारी, जबलपुर स्मार्ट सिटी के द्वारा कार्यालय मे अपने चैंबर मे बुलाया गया। अपने चैंबर मे बुलाने के बाद श्री अरविंद शाह, मुख्यकार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी के द्वारा यह कहा गया कि ***"तू दो कोडी की कर्मचारी है और मै एक आई.ए.एस. अधिकारी हूँ तेरे को जहाँ लगे वहां जाकर शिकायत कर मंत्री से फोन करवाती है और आगे ये कहा गया कि मै किसी मंत्री की नही सुनता, ना ही किसी मंत्री की चाटता हूँ और मै अपनी दम से आई.ए.एस. अधिकारी बना हूँ ना ही किसी मंत्री या आई.ए.एस. / आई.पी.एस. की सिफारिश पर नौकरी मे आया हूँ और यह भी कहा गया कि तू भी किसी मंत्री की मत चाट। जब इतना सुनने के बाद मै श्री अरविंद भाह, मुख्यकार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी के चैंबर से शर्मसार एवं रोते हुए निकल रही थी तो बाहर निकलने के पहले श्री अरविंद शाह, मुख्यकार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी ने कहा कि निकल जा मेरे चैंबर से और मंत्री जी को गाली देते हुए बोला कि मै मंत्री को भी देख लूँगा।"***

महोदय जी, इसके बाद मै रोते हुए कार्यालय से घर जाकर पूरी घटनाक्रम अपने परिवारजनो एवं सिख समाज के वरिष्ठो को अवगत कराया गया, तब परिवारजनों एवं सिख समाज के वरिष्ठों द्वारा माननीय मंत्री श्री राकेश सिंह जी को अवगत कराया गया। माननीय मंत्री श्री राकेश सिंह जी द्वारा अपने शासकीय आवास पर वरिष्ठ अधिकारियों जिसमे श्री राघवेन्द्र सिंह, चेयरमेन, स्मार्ट सिटी /कलेक्टर, जिला जबलपुर एवं श्री रामप्रकाश अहिरवार, कार्यकारी निर्देशक, स्मार्ट सिटी जबलपुर /आयुक्त, नगर निगम जबलपुर के समक्ष श्री अरविंद शाह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी को बुलाया एवं माननीय मंत्री श्री राकेश सिंह जी द्वारा समझाइश दी गई और कहा गया कि आप एक आई.ए.एस. अधिकारी होने के नाते समाज के लिए एक प्रेरणा के स्त्रोत है और आपका आगे एक लंबा कार्यकाल है, आपको एक महिला सहकर्मी के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार एवं गाली गलौच नही करनी चाहिए थी। जिसपे श्री अरविंद शाह,

26 APR 2026

मुख्यकार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी के द्वारा यह कहा गया कि मेरी भाषा भले ही गलत रही होगी परंतु मेरा भाव गलत नहीं था। माननीय मंत्री श्री राकेश सिंह जी एवं अपने वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष श्री अरविंद शाह, मुख्यकार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी के द्वारा ना ही माफी मांगी गई एवं अपने व्यवहार पर कोई खेद प्रकट किया गया जिससे कि मै आहात हूॅ एवं मुझे अत्यंत पीडा और भय है।

महोदय जी, मै शिकायत करती हूॅ कि उचित कार्यवाही की जाए एवं मुझ कनिष्ठ महिला कर्मचारी के साथ या किसी अन्य कर्मचारी के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार पुनः ना हो। आशा करती हूॅ कि आप बिना पक्षपात के उचित कार्यवाही करेंगे।

**धन्यवाद**

Deet

जबलपुर

दिनांक 26.04.2026

दिलप्रीत भल्ला

पिता श्री टी.पी.एस. भल्ला,

उम्र 37 वर्ष,

निवासी फैल्ट नं 208

नागरथ चौक, सिविल लाईन, जबलपुर

760/26

**सत्यापन**

मै, दिलप्रीत भल्ला, पिता श्री टी.पी.एस. भल्ला, उम्र 37 वर्ष, निवासी फैल्ट नं 208 नागरथ चौक, सिविल लाईन, जबलपुर, म0प्र0 प्रशासनिक कार्यकारी (Administrative Executive) के पद पर स्मार्ट सिटी जबलपुर मे पदस्थ हूॅ मै यह शपथ करती हूॅ कि मेरे द्वारा की गई श्री अरविंद शाह, मुख्यकार्यकारी अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी की शिकायत पूर्णतः सत्य है एव ना ही किसी के प्रलोभन या दवाब मे की गई है।

Identify by me

26 APR 2026

NOTARY GOVT. OF INDIA HEMLATA CHOUDHARY Reg. No. 74945 Date: 12-9-29 Area: Jabalpur

Before me on the 26/4 day of 2026 by Dilpreet Bhalla T.P.S. Bhalla who has been identified by shri ........ who is personally known to whose signature (s) is are here to appended.

Deet

दिलप्रीत भल्ला

पिता श्री टी.पी.एस. भल्ला,

उम्र 37 वर्ष, निवासी फैल्ट नं 208

नागरथ चौक, सिविल लाईन, जबलपुर

प्रतिलिपि : चेयरमैन जबलपुर स्मार्ट सिटी / कलेक्टर जिला जबलपुर, म0प्र0